दिन– गुरुवार  दिनांक– 29/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को पेश होगा आम बजट।

02. राज्य सरकार ने सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए छह सदस्यों वाली उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज समस्तीपुर जिले को एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, पंचायती राज मंत्रालय ने स्पष्ट किया– बिहार विधान परिषद के स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए पंच और सरपंच वैध मतदाता हैं।

———————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार पच्चीस–छब्बीस पेश करेंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस सर्वेक्षण को तैयार किया है। सर्वेक्षण देश की मौजूदा अर्थिक स्थिति और भविष्य के दृष्टिकोण की एक व्यापक समीक्षा है। केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस एक फरवरी रविवार को पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा। वहीं, दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक होगा। बजट सत्र के दौरान तीस बैठकें होंगी।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे। इस बीच, सत्र के सुचारू संचालन और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

———————————————————

राज्य सरकार ने सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए नई नीति बनाने की पहल की है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। विभाग की निदेशक प्रमुख डॉक्टर रेखा झा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में छह सदस्य बनाये गये हैं। विभागीय सचिव हिमांशु शर्मा ने बताया कि समिति में बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के प्रतिनिधियों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत सुलभ स्वास्थ्य : सुरक्षित जीवन के लक्ष्य के लिए समिति गठित की गयी है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के तहत समस्तीपुर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री कुमार आठ सौ सत्ताईस करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कार्यारंभ करेंगे। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समस्तीपुर जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार चार सौ सत्तर करोड़ रूपये लागत वाली इकहत्तर योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दो सौ तिहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली चौहत्तर योजनाओं का उद्घाटन और चौरासी करोड़ रूपये लागत की तैंतालीस योजनाओं का कार्यारंभ भी करेंगे। श्री कुमार इसके बाद जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री का अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का भी कार्यक्रम है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और वियज कुमार सिन्हा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

समाचार कक्ष से डॉक्टर सविता पारीक।

————————————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बिहार विधान परिषद के स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए पंच और सरपंच वैध मतदाता हैं। पंच–सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार निराला ने बताया कि मंत्रालय द्वारा इस संबंध में भेजे गये पत्र में कहा गया है कि पंच और सरपंच को मतदान का संवैधानिक अधिकार है।

————————————————————————————

बिहार सरकार ने केन्द्र से पंचायतों में स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान की बकाया ढाई हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी करने की मांग की है। पंचायत राज मंत्री दीपक प्रकाश ने इस संबंध में केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने केन्द्र से पंचायत सरकार भवन के रखरखाव के लिए भी वित्तीय मदद की मांग की है।

————————————————————————————

बिहार और ओडिशा के बीच झारखंड के रास्ते बसों का परिचालन किया जायेगा। परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग के अनुसार पटना, बिहारशरीफ, भागलपुर, दरभंगा, गया, सासाराम, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर और छपरा से बसों का परिचालन किया जायेगा।

————————————————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि आपदा प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाने और बचाव के लिए बीस जिलों में जल्द ही आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा और प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। पटना में आयोजित

संवाददाता सम्मेलन में विभाग के संयुक्त सचिव मोहम्मद नदीमुल गफ्फार सिद्दिकी ने बताया कि सत्रह जिलों में केन्द्र का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जबकि पटना में निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री सिद्दिकी ने बताया कि अब बाढ़ प्रभावित परिवारों को छह हजार रूपये की जगह सात हजार रूपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार पच्चीस में राज्य में डूबने से दो हजार अंठानवे लोगों की मौत हुई।

———————————————————————

राज्य की प्राचीन और महत्वपूर्ण पांडुलिपियों को संरक्षित कर उसका डिजिटाईजेशन किया जायेगा। संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम् अभियान के तहत यह पहल की गयी है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में इस संबंध में हुई उच्च स्तरीय बैठक में पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। इस अभियान के लिए कला, संस्कृति और युवा विभाग को नोडल एजेंसी जबकि संग्रहालय निदेशक को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

———————————————————————

दानापुर–बिहटा कोईलवर एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का काम अगले वर्ष जून महीने तक पूरा कर लिया जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविन्द कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि परियोजना का पैंतालीस प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूरे होने पर लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। दानापुर से बक्सर तक की दूरी मात्र दो घंटे में पूरी होगी।

———बाइट———

———————————————————————

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, एनसीपी प्रमुख अजित पवार का अंतिम संस्कार आज सुबह लगभग ग्यारह बजे पुणे जिले के बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। श्री पवार का कल एक विमान हादसे में निधन हो गया था। महाराष्ट्र सरकार ने उपमुख्यमंत्री के निधन के बाद सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। राज्य में तीन दिन का राजकीय शोक रहेगा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों में हुई हल्की बारिश के चलते ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री

सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। वहीं, न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

———————————————————————

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना का पांचवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के इकतीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। इनमें इक्कीस छात्राएं शामिल हैं। समारोह में इकहत्तर शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी।

———————————————————————

चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में क्षमता संवर्द्धन पाठ्यक्रम में नये विषय शामिल किये गये हैं। इसके तहत अब छात्र सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य और कल्याण तथा गैर सरकारी संगठनों से संबंधित विषय की पढ़ाई कर सकेंगे। लोक भवन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित तीसरे और चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा में सफल शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। काउंसिलिंग की प्रक्रिया छह फरवरी से शुरू होकर ग्यारह फरवरी तक चलेगी।

———————————————————————

नीट की तैयारी कर रही छात्रा की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में दस और लोगों के ब्लड सैंपल डीएनए जांच के लिये गये हैं। इसमें हॉस्टल संचालिका का पुत्र भी शामिल है। अब तक पच्चीस लोगों के ब्लड सैंपल एकत्र किये जा चुके हैं। इधर, एसआईटी ने इस मामले में हॉस्टल के मकान मालिक के पैतृक आवास जहानाबाद के खरका गांव में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किये हैं। दूसरी तरफ एसआईटी ने पटना के राजेन्द्रनगर स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों से भी पूछताछ की है, जहां छात्रा का इलाज चला था। इस बीच, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से मुलाकात कर अब तक इस मामले में हुई जांच संबंधी प्रगति की जानकारी ली।

———————————————————————

दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथरेड्डी जलारेड्डी ने बेंता थानाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार को एक महिला चिकित्सक और उसके कार चालक के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

————————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने भोजपुर जिले के कोल्हरामपुर गांव निवासी शिक्षक कमलेश राय के अपहरण के मामले में लखीसराय टाउन थाना में पदस्थापित दारोगा अंजली कुमारी गिरफ्तार किया है। सीबीआई के बिहार झारखंड के संयुक्त निदेशक राजीव रंजन ने बताया कि इस मामले में पहले एक अन्य आरोपी रूपेश कुमार चौबे की पटना से गिरफ्तारी हो चुकी है।

————————————————————————————

जमशेदपुर के उद्यमी कैरव गांधी के अपहरण के मामले में झारखंड पुलिस ने नालंदा, गया और औरंगाबाद में छापेमारी की है। इस मामले में छह लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

————————————————————————————

पटना स्थित सीबीआई अदालत ने घूसखोरी के मामले में आरोपी एनआईए के पूर्व डीएसपी, अजय प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह और दीपू सिंह पर आरोपों का गठन कर दिया है। इन सभी पर एक निर्माण एजेंसी के मालिक को धमकी देकर ढाई करोड़ रूपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

————————————————————————————

शेखपुरा की पॉक्सो अदालत ने एक बच्ची के अपहरण के मामले में एक महिला समेत दो लोगों को दोषी पाते हुये दस–दस साल कारावास और पांच–पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————————

औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरडीह मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला दारोगा रिंकी कुमारी की मौत हो गयी। इस हादसे में एक सिपाही गम्भीर रूप से घायल हो गये।

————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में एक बाघ की मौत हो गयी। बाघ का शव गेहूँ के खेत से बरामद किया गया है। मौत का कारण करंट लगना माना जा रहा है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– बारामती में विमान की क्रैश लैंडिंग, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री समेत पांच की गयी जान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– यूजीसी के नियमों के खिलाफ आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट।

प्रभात खबर ने लिखा है– गया में घूस लेने की शिकायत पर मंच से ही डिप्टी सीएम ने आमस के सीओ को हटाया।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– गुंडों से वसूली कराने पर लगेगी रोक। सरकार ला रही है कानून।

राष्ट्रीय सागर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध।

आज अखबार की सुर्खी है–बिहार के कई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को पेश होगा आम बजट।

02. राज्य सरकार ने सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए छह सदस्यों वाली उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज समस्तीपुर जिले को एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, पंचायती राज मंत्रालय ने स्पष्ट किया– बिहार विधान परिषद के स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए पंच और सरपंच वैध मतदाता हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।